हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 24 जुलाई 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

अब कोई छात्र नहीं होगा बैक बेंचर, कक्षा में यू आकार में बैठेंगे छात्र-छात्राएं
2



## खबर संक्षेप

### आकस्मिक मृत्यु के प्रकरण में 4 लाख रुपए स्वीकृत

**सक्ती।** प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम बंदोरा निवासी मृतक स्व. कुमारी नंदनी सामले को सर्प काटने के कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के माता श्रीमती पार्वती सामले, पति स्व. विजय कुमार सामले को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

### 15 दिवसीय ब्युटी पार्लर प्रशिक्षण का शुभारंभ

**जांजगीर-चांपा।** बालिकाओं को सुरक्षा, संरक्षण, शिक्षा एवं सतत विकास को बढ़ावा देने एवं देश एवं समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का क्रियान्वन किया जा रहा है। जिसके तहत कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के क्रियान्वयन में ''महिलाओं/बालिकाओं में कौशल विकास करने एवं आर्थिक रूप से सक्षम बनाने'' थीम पर नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत भवन पुटपुरा में 15 दिवसीय ब्युटी पार्लर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में 25 महिलाएं एवं बालिकाएं लाभ ले रहे है। ब्युटी पार्लर प्रशिक्षक के रूप में लैक्मे अकैडमी बिलासपुर के अनुभवी प्रशिक्षिका सुश्री अंजली अग्रवाल एवं साथी ऐश्वर्या के द्वारा सौंदर्य सेवाओं के अनेक प्रकारों के बारे में प्रायोगिक एवं सैद्धान्तिक प्रशिक्षण देते हुए अन्य जानकारी दी गई।

### लखाली में 556 पौधों का किया गया रोपण

**जांजगीर-चांपा।** विकासखण्ड बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत लखाली में चारागाह क्षेत्र में 5 एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण कर हरियाली की नई शुरुआत की गई। इस कार्य के अंतर्गत आम, नीम, जामुन, नींबू एवं अमरूद जैसे 556 पौधों का रोपण किया गया। ग्राम पंचायत लखाली जिला मुख्यालय से लगभग 32 कि.मी. तथा विकासखण्ड मुख्यालय बम्हनीडीह से 6 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। मनरेगा के माध्यम से यह परियोजना वर्ष 2025-26 में स्वीकृत हुई है। परियोजना की कुल स्वीकृत राशि 3.127 लाख है, जिससे पौधरोपण के साथ जल-संरक्षण एवं संचय से संबंधित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। तीन वर्षों की इस परियोजना में वर्षवार मानव दिवस सृजन की प्रक्रिया प्रगति पर है। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत, जनपद सदस्य सचिव, सरपंच, पंचगण, स्व सहायता समूह की दीदियों एवं स्थानीय ग्रामीणजनों की सक्रिय भागीदारी रही। ग्रामीणों ने इस प्रयास को ग्राम के भविष्य के लिए लाभकारी बताया और इसे हरित भविष्य की नींव माना। यह प्रयास न केवल पर्यावरण को समृद्ध करेगा, बल्कि स्थानीय रोज़गार को भी बढ़ावा देगा।

### कृषकों के फार्मर रजिस्ट्री के लिए 31 तक कैम्प का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा छ.ग. राज्य में एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत कृषक पंजीयन का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 में धान खरीदी कृषक पंजीयन के आधार पर किया जाना है। इसके लिए समितिवार दल गठित की गई है। उक्त गठित दल के माध्यम से कृषकों का फार्मर रजिस्ट्री के लिए सेवा सहकारी समितियों में 31 जुलाई तक कैम्प आयोजित कर पंजीयन किया जाएगा।


इस तरह से हो रहा खेतों का कटाव


पानी की निकासी नहीं होने से लबालब खेत

चोरहादेवरी व तालदेवरी के बीच सड़क किनारे के किसान परेशान

# आंख मूंदकर बना दिया पुल खेत में बहने लगा नाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिम्मेदार अधिकारियों की मनमानी और अदूरदर्शिता का परिणाम किसानों के लिए कितना नुकसानदायक होता है यह देखना है तो चोरहादेवरी और तालदेवरी के बीच देखा जा सकता है। यहां कुछ साल पहले सड़क निर्माण के साथ पानी की निकासी के लिए पुल बनाया गया था, लेकिन आंख मूंदकर बनाए गए पुल से पानी की पूरी निकासी नहीं हो रही है। ज्यादातर पानी किसानों के खेतों से बह रहा है, जिससे खेतों का कटाव लगातार बढ़ने लगा है और एक तिहाई हिस्सा नाला में तब्दील होने लगा है।

जांजगीर-चांपा जिले के बिर्रा और बम्हनीडीह क्षेत्र में तालदेवरी-चोरहादेवरी सड़क निर्माण के दौरान पानी निकासी के लिए विगत वर्षों पुल का निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक जिस जगह पर ढलान देखकर पुल का निर्माण होना था, उसकी जगह ऊपरी एरिया में पुल बना दिया गया है। ऐसे में ऊपरी नाला व खेतों की ओर से आने वाले पानी की निकासी बनाए गए पुल से हनीं हो पा रही है। पानी का पूरा बहाव ढलान वाले खेतों की ओर होने लगा है। ऐसे में इस क्षेत्र के दर्जनों किसानों के खेत का एक तिहाई हिस्सा नाला में तब्दील होने लगा है। अभी पिछले दिनों की बारिश के बाद यहां किसानों के खेत में लगी फसल पूरी तरह से चौपट हो गई है। इतना ही नहीं पानी के तेज बहाव से खेतों का एक हिस्सा नाला में तब्दील हो गया है। जगह-जगह मिट्टी का कटाव होने से पानी का बहाव वाटरफाल की तरह होने लगा है। किसानों के मुताबिक इस समस्या को लेकर जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग और प्रशासन के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन यहां किसानों की समस्या से किसी को कोई सरोकार नहीं है।


कटाव ने जल के प्रवाह को दिया झरना का स्वरुप।

**शिविर में नहीं हुआ समस्या का निवारण**

तालदेवरी और चोरहादेवरी के किसानों ने बताया कि सड़क निर्माण के बाद इस तरह की समस्या पिछले तीन चार सालों से बनी हुई है। हरसाल खेतों की मरम्मत कराने के बावजूद बरसात में बड़ी मात्रा में मिट्टी का कटाव होता है। ऐसी स्थिति को लेकर पिछले दिनों आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शिकायत की गई थी, लेकिन उनकी शिकायत पर आज पर्यंत कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

**ली जाएगी जानकारी**

चोरहादेवरी और तालदेवरी के बीच पानी के बहाव से खेतों के नुकसान होने की जानकारी ली जाएगी। सड़क के साथ पुल निर्माण का काम किस विभाग द्वारा कराया गया है पता करने के बाद संबंधितों को सुधार कराने निर्देशित किय जाएगा।

-सुमित बघेल,
एसडीएम, चांपा

# शांति जीडी इस्पात संयंत्र में हादसा, नाबालिग श्रमिक की मौत

## परिजन को 32 लाख रुपए देने के बाद शांत हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर से लगे ग्राम महुदा में संचालित शांति जी.डी. इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड में बुधवार 23 जुलाई को सुबह हुए एक हादसे में 17 वर्षीय श्रमिक की कन्वेयर बेल्ट में फंसकर मौत हो गयी। हादसे से नाराज परिजन व श्रमिकों ने प्लांट में जमकर हंगामा किया। इसके बाद प्रशासन की ओर से एस.डी.एम. सुमित बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप मौके पर पहुंचे तथा स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में मृतक के परिजन को नगद 32 लाख रूपये तथा परिवार के एक सदस्य को प्लांट में नौकरी दिये जाने का आश्वासन दिये जाने के बाद हंगामा शांत हुआ। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम महुदा में शांति जी. डी. इस्पात एवं पॉवर लिमिटेड संयंत्र संचालित है। हमेशा की तरह बुधवार 23 जुलाई को भी सुबह प्लांट में काम चल रहा था। इस दौरान सुबह 6.30 बजे ग्राम फरसवानी निवासी 17 वर्षीय श्रमिक भुवन बरेठ पिता जनकराम बरेठ कन्वेयर बेल्ट की चपेट में आकर फंस गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे में नाबालिग श्रमिक की मौत होने की खबर से प्लांट में हड़कंप मच गया और परिजन तथा श्रमिक मौके पर जमा होकर हंगामा करने लगे। हादसे की खबर पाकर स्थानीय पुलिस के अलावा एस.डी.एम. सुमित बघेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप मौके पर पहुंचे तथा स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में प्लांट प्रबंधन और मृतक के परिजन के बीच 32 लाख रूपये की सहायता प्रदान करने और मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिये जाने की बात पर सहमति हुई। इसके पश्चात हंगामा शांत हुआ। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गयी है।


हंगामा मचाते श्रमिक एवं परिजन एवं पहुंची पुलिस टीम।

### 80 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** 80 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम धरदेई का है। पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुखबिर की सूचना पर शिवरीनारायण पुलिस द्वारा धरदेई निवासी आरोपी विनोद यादव उर्फ बरफलाल के कब्जे से 80 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। जब्त शराब की कीमत 8 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### 13 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शिवरीनारायण।** स्थानीय पुलिस ने रेड कार्रवाई कर एक युवक के कब्जे से 13 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत 1 लाख 30 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी के विरूद्ध एनडीपी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति बैग में गांजा रखा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी चाम्पा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में रेड कार्यवाही कर शबरी चौक के पास आरोपी वार्ड नं 15 चकरभांठा (बिलासपुर) निवासी आदर्श कुमार उर्फ शनि साहू को पकड़ा। उसके कब्जे से 13 किलो 335 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध धारा एनडीपी एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।



# बिना अनुमति के किया जा रहा है रेत का अवैध भंडारण और परिवहन

**डभरा।** तहसील डभरा अंतर्गत अंतिम छोर पर ग्राम कलमा स्थित है जो कि महानदी के किनारे पर है। वहां पर से बिना अनुमति के रेत निकाल कर भंडारण किया गया है। प्रतिदिन हाइवा से परिवहन किया जा रहा है और रॉयल्टी पर्ची किसी अन्य घाट का दिया जा रहा है।

गौरतलब हो कि तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम खुरगट्टी का घाट का विधिवत ठेका हुआ है लेकिन उस रॉयल्टी पर्ची का इस्तेमाल पैंतीस किलोमीटर दूर ग्राम कलमा में किया जा रहा है जो कि अवैधानिक है। रेत माफिया हाइवा वाहन से रेत सप्लाई करने में लगे हुए हैं। नियमानुसार रेत का भंडारण करने के लिए वहां पर रेत घाट का होना आवश्यक होता है लेकिन रेत माफिया द्वारा बरसात से पूर्व कलमा स्थित महानदी से बड़ी बड़ी पोकलेन वाहन से रेत निकाल कर नदी के किनारे रेत का पहाड़ खड़ा कर लिया गया है और अब उसे मनमानी कीमत पर बिना वैध रॉयल्टी पर्ची का हाइवा वाहन से सप्लाई किया जा रहा है। साथ ही जिस सड़क पर बड़ी बड़ी वाहन दौड़ रही है वह मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क है जो छोटे वाहन या ट्रैक्टर चलने लायक बनी है जो बड़े बड़े रेत वाहन के चलने से सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है। इस सम्बन्ध में जिला खनिज अधिकारी किशोर बंजारे ने कहा कि अगर अवैध रूप से रेत का भंडारण और परिवहन किया जा रहा है तो उसकी जांच की जाएगी और उचित कार्यवाही किया जाएगा।


इन्हीं हाइवा से हो रहा अवैध रेत का परिवहन।

# शिक्षक ने खरीदी कोटवारी जमीन! जांच का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

- बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम पंचायत सेमरिया का मामला

तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरिया कोटवारी जमीन बेचने और खरीदने का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि एक शासकीय शिक्षक पर ग्राम कोटवार की भूमि को अवैध रूप से खरीदने का आरोप पंचायत ने लगाया है। जिस पर कलेक्टर ने जांच के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सेमरिया की सरपंच ईश्वरी बाई कश्यप ने कोटवारी जमीन की खरीदी बिक्री को लेकर एक शिकायत कलेक्टर कार्यालय में की थी। प्रस्तुत आवेदन के अनुसार खसरा नंबर 1761 की कोटवारी भूमि, जो कि वर्षों से कोटवार उपयोग के लिए आरक्षित रही है, उसे गांव के एक व्यक्ति ने खरीदकर निजी मकान निर्माण शुरू कर दिया है। जबकि यह भूमि राजस्व रिकार्ड में सरकार की संपत्ति मानी जाती है, न कि किसी निजी व्यक्ति की। शिकायत में यह भी बताया गया है कि उक्त कोटवारी भूमि को खरीदने वाला व्यक्ति पेशे से एक शासकीय शिक्षक है। इस शिकायत पर जिला प्रशासन ने तहसीलदार बम्हनीडीह को तत्काल मौका निरीक्षण कर तथ्यों की पुष्टि करने को कहा है। आदेश में यह भी उल्लेख है कि कोटवारी भूमि को न तो बेचा जा सकता है और न ही खरीदा जा सकता है, यह सार्वजनिक उपयोग की संपत्ति है। जिला प्रशासन ने इस पूरे मामले में जांच करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश तहसीलदार को दिए हैं।

**तुरंत रोका जाए निर्माण कार्य-** सरपंच ईश्वरी कश्यप ने प्रशासन से यह भी मांग की है कि जब तक जांच पूरी न हो जाए, तब तक निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए और यदि जांच में अवैध क्रय-विक्रय प्रमाणित होता है, तो संबंधित शिक्षक पर कड़ी कानूनी व विभागीय कार्रवाई की जाए।


कोटवारी जमीन पर शिक्षक द्वारा बनाया जा रहा मकान।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया एलोवेरा पर शोध

# पामगढ़ की बेटी ने फिनलैंड में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के पामगढ़ विकासखंड के छोटे से गांव कोड़ा भाट की बेटी नेहा सिंह चंदेल ने अपनी मेहनत और लगन से विदेश में भारत का नाम रोशन किया है। सरस्वती शिशु मंदिर, शिवरीनारायण से शिक्षा की शुरुआत करने वाली नेहा वर्तमान में उत्तर प्रदेश स्थित जीएलए विश्वविद्यालय के बायोटेक विभाग में रिसर्च स्कॉलर हैं, जहां वे निरंतर शोध कार्यों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं।

नेहा सिंह चंदेल ने हाल ही में फिनलैंड की राजधानी हेलसिंकी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'इकोलॉजी ऑफ सॉइल माइक्रोऑर्गेनिज्म–2025' में भाग लेते हुए अपने शोध कार्य को सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए उन्हें कॉन्फ्रेंस की ओर से 'यंग साइंटिस्ट ग्रांट अवार्ड' तथा भारत सरकार की नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की ओर से इंटरनेशनल ट्रेवल ग्रांट अवार्ड भी प्राप्त हुआ।

**किया अनूठा शोध-**अपने शोध में नेहा ने भारत में अत्यंत महत्वपूर्ण औषधीय पौधे एलोवेरा को केंद्र में रखा। उन्होंने बताया कि एलोवेरा के वाणिज्यिक उत्पादन में कई बाधाएं आती हैं, जिनके समाधान के लिए उन्होंने एक नया बायोफर्टिलाइज़र (जैव उर्वरक) विकसित किया। यह जैव उर्वरक एलोवेरा की जड़ों में पाए जाने वाले लाभकारी सूक्ष्मजीवों से तैयार किया गया है, जो न केवल पौधे की उत्पादकता बढ़ाता है, बल्कि उसकी औषधीय गुणवत्ता और पोषण मूल्य को भी बेहतर बनाता है।




**मिल रही प्रशंसा-**जीएलए विश्वविद्यालय के बायोटेक विभागाध्यक्ष प्रो. शूरवीर सिंह ने नेहा की उपलब्धि को संस्थान के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि विभाग औद्योगिक उपयोग के लिए सूक्ष्मजीवी फॉर्मुलेशन पर लंबे समय से काम कर रहा है और नेहा का यह शोध उस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। डीन रिसर्च प्रो. कमल शर्मा ने भी बताया कि एलोवेरा की जड़ों से निकाले गए लाभकारी जीवाणुओं का उपयोग कर एक प्रभावी जैव उर्वरक तैयार किया गया है, जिसने प्रयोगों में एलोवेरा की वृद्धि में उल्लेखनीय सुधार दिखाया। नेहा ने अपना शोध डॉ. अनुकूल वैष्णव और प्रो. एच.बी. सिंह के निर्देशन में पूर्ण किया। यह उनके लिए न केवल अकादमिक सफलता है, बल्कि एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी है क्योंकि यह पहली बार है जब विभाग की किसी छात्रा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

**क्षेत्र में खुशी की लहर-**नेहा की इस अभूतपूर्व सफलता से उनके परिवारजनों में हर्ष की लहर है। उनके पिता चितरंजन सिंह एवं बड़े पापा राजेन्द्र सिंह ने इसे गांव, जिले और राज्य के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताया। वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी नेहा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उसने पामगढ़ क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है।

# किसानों का त्योहार हरेली आज, औजारों की होगी पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- कई जगह लगेंगे नारियल के दांव

किसानों का त्यौहार हरेली गुरुवार 24 जुलाई को अंचल में उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। कृषक खेती का काम काज बंद कर हल, फावड़ा गैंती व औजारों की पूजा करेंगे। हरेली के पूर्व से ही गांवों में बच्चे गेड़ी का आनंद ले रहे है।

इस अवसर पर अनेक जगहों पर लोगों द्वारा शर्त लगाकर नारियल भी फेंका जा रहा हैं। इससे दुकानों में नारियल की बिक्री बढ़ गई है। हरेली त्यौहार प्रतिवर्ष सावन माह की अमावस्या को मनाया जाता है। इस बार 24 जुलाई को हरियाली आमवश्या है, जिसको लेकर गांवों में तैयारी शुरु हो गई है। किसान इस दिन खेती किसानी का काम बंद कर हल, फावड़ा, गैती व अन्य कृषि यंत्रों के साथ मवेशियों की भी पूजा करते है। इस दिन उन्हें अरण्डी के पत्ते को नमक में मिलाकर खिलाया जाता है। ग्रामीणों में ऐसी मान्यता है कि इस दिन गाय-भैस के बछड़ों को अरण्डीपान खिलाने से खुरहा, चपका व अन्य बीमारी नहीं होती। हरियाली त्यौहार के पीछे किसानों की यह अवधारणा है कि जब खेती किसानी का काम खत्म हो जाता है और खेतों में चारों तरफ हरियाली छा जाती है तो किसान अपने हल व अन्य कृषि औजारों की पूजा करके उन्हें सुरक्षित रख देते हैं। हरेली के उपलक्ष्य में गेड़ी चढ़ने का सिलसिला पोला पर्व तक चलता है।





# संजय को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस

**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है। 'सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता।' संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा है 'इसमें बाबा को होना चाहिए था।

लाइफ Style



# फातिमा

## आप जैसा कोई के निर्देशक को कहा पागल

दंगल गर्ल फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें फिल्म की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में वह फिल्म आप जैसा कोई के निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सना ने विवेक के लिए एक लंबी पोस्ट लिखी है और उन्हें पागल कहा है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वह फिल्म 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए विवेक सोनी की तारीफ की है और लिखा है 'अपनी रोजाना की सेल्फी से लेकर तुम्हारे अलग अंदाज को मैं अभी भी नहीं समझ पाई।'

फातिमा सना शेख ने आगे लिखा 'तुम्हारे साथ काम करना एक सफर जैसा है। तुम बॉलीवुड के चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया हो। (मुझे अब भी नहीं पता कि तुम कैसे हर गाना, हर दृश्य याद रखते हो, तुम पागल हो।)' आपमें साधु जैसी शांति है। फिल्म में मुझे मधु बनाने के लिए और उस पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। तुम्हारी जादू वाली दुनिया का हिस्सा बनना बहुत अच्छा रहा। आपको बता दें कि फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ आर माधवन हैं। इसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला के अलावा कई लोग हैं।

हॉलीवुड मसाला




# अवतार फायर.. का नया पोस्टर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने 'अवतारः फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही फिल्म को लेकर भी बड़ी अपडेट शेयर की है। जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड ऐश' पेंडोरा की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर भी बड़ी अपडेट दे दी है। फिल्म के नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है, 'अवतारः फायर एंड ऐश में वरंग से मिलिए।' इसके जरिए मेकर्स ने ये भी बता दिया है कि फिल्म का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के साथ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा।



# वार्नर ने द कॉस्बी में निभाई थियो हक्सटेबल की भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** 80 के दशक में मशहूर अमेरिकी टीवी शो द कॉस्बी शो में थियो हक्सटेबल का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया है। कोस्टा रिका के समुद्री तट पर तैराकी के दौरान वो एक हादसे का शिकार हो गए। मैल्कम-जमाल वार्नर को अमेरिका के हर घर में तब जाना गया, जब उन्होंने 1984 से 1992 तक चले लोकप्रिय सिटकॉम 'द कॉस्बी शो' में थियो हक्सटेबल की भूमिका निभाई। वो शो में डॉक्टर हक्सटेबल के सबसे छोटे बेटे थे। थियो का किरदार निभाने वाले वार्नर ना सिर्फ एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि बाद में उन्होंने निर्देशक और निर्माता के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। मैल्कम-जमाल वार्नर की खबर जैसे ही फैली, हॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।



# स्किन टोन को लेकर किया गया शर्मिंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर लगातर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म से उन्हें इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि उनका रंग गोरा नहीं था। एक फिल्म निर्माता ने कहा कि वह उस किरदार के लिए गोरी नहीं हैं। इसके अलावा उन्हें बहुत पतली होने के लिए भी ताने सुनने पड़े थे। लोग अक्सर कहते थे कि उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए, क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं ज्यादा पसंद हैं। इस सभी बातों को लेकर वाणी का कहना है, 'वह खुद से खुश हैं और जैसी हैं, वैसे ही रहना चाहती हैं। वह फिट और स्वस्थ हैं और ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।'




# 25 जुलाई को रिलीज होगा वॉर-2 का ट्रेलर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है कि 'वॉर 2' का मच अवेटेड ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की रिलीज डेट बताते हुए मेकर्स की ओर से एक पोस्ट शेयर की गई, जिसमें एक ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इस पोस्टर पर ही ट्रेलर की रिलीज डेट लिखी है। इसके साथ ही लिखा है, '2025 में भारतीय सिनेमा के दो आइकन अपने सिनेमा के सफर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। वॉर 2 यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जबकि ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर के किरदार में ही दिखाई देंगे।

टीवी मसाला



# सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी है ये बच्ची

**नई दिल्ली।** देवथा सीरियल स्टार मां चैनल का एक सुपरहिट शो रहा है, जिसमें छोटी बच्ची 'देवम्मा' का किरदार सबको बहुत पसंद आया था। अहाना बर्फी ने इस शो में प्यारा सा किरदार निभाया था, शो में उन्होंने अपने टैलेंट से सभी का दिल जीता था। अहाना ने ज्यादातर इमोशनल सीन में अपनी एक्टिंग से गहरी छाप छोड़ी है, हालांकि, देवथा सीरियल के बाद वह तेलुगु टीवी सीरियल्स में नजर नहीं आईं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह पहले काफी एक्टिव रही हैं। अहाना बर्फी के इंस्टाग्राम पर करीब 4 लाख फॉलोअर्स हैं। माना जाता है कि वह किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से खास बना सकती हैं। यही वजह है कि वह टीवी की दुनिया में धाक जमाए हुए हैं। अहाना बर्फी का जन्म 20 जनवरी को हुआ था, खबर है कि इन दिनों वह पढ़ाई में बिजी हैं और इसी वजह से एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं। फिलहाल वह अपनी पढ़ाई पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी काम किया है, हालांकि अब वह एक्टिंग से ब्रेक पर हैं, लेकिन उनकी हाल की फोटोज देखकर लोग हैरान हो रहे हैं, वो अब बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके पहले और अब की फोटोज को देखकर लोग कमेंट कर रहे हैं कि वह कितनी बदल गई हैं और पहले से भी खूबसूरत हो गई हैं। कुछ समय पहले उनका एक पारिवारिक फंक्शन वीडियो भी वायरल हुआ था। अहाना की एक फोटो बलैया और श्रीलीला के साथ भी वायरल हुई थी। फैंस का मानना है कि अगर अहाना दोबारा एक्टिंग में आती हैं तो उन्हें बहुत बड़ा प्यार और फॉलोइंग मिलेगी।

## अविनाश प्यार से बंधे रिश्ते में आएंगे नजर

**नई दिल्ली।** अविनाश मिश्रा टीवी की दुनिया के पॉपुलर एक्टर हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' के बाद अब वह अपना नया शो लेकर आ रहे हैं।



अविनाश मिश्रा बालाजी टेलीफिल्म्स के यूट्यूब ओरिजिनल शो प्यार से बंधे रिश्ते में नजर आएंगे। हाल ही में अविनाश मिश्रा ने अपने इस नए शो को लेकर बात की और कहा कि वह प्रोजेक्ट की तलाश में थे जिसके जरिए वह दर्शकों से कनेक्ट कर पाए। अविनाश मिश्रा ने अपने नए शो प्यार से बंधे रिश्ते के बारे में कहा, 'बिग बॉस के बाद मैं ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रहा था, जिससे मैं फिर से अपने दर्शकों से जुड़ सकूं। 'प्यार से बंधे रिश्ते मुझे बिल्कुल सही लगा। मैं बालाजी टेलीफिल्म्स का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और अपने पहले यूट्यूब शो की जिम्मेदारी मुझे दी।' उन्होंने कहा कि यह शो उनके लिए भी कुछ नया और अलग है।

# बॉबी देओल की फिल्म बंदर का टीआईएफएफ में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर (बंदर पिंजरे में) का आगामी टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में विश्व प्रीमियर होने वाला है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टोरंटो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कनाडा में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। यहां इसे दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप कर रहे हैं। बॉबी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। बॉबी देओल ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि एक छोटे कमरे में कई लोग सो रहे हैं।



इन सबके बीच बॉबी देओल चिंता में बैठे हुए हैं। कमरे की दीवार पर लोगों के कपड़े टंगे हैं। इसी कमरे में कई बर्तन भी रखे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए बॉबी देओल ने जो टैग्स लगाए हैं, उसके मुताबिक फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी नजर आ सकती हैं। बॉबी देओल की पोस्ट पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने कमेंट करते हुए लिखा है बहुत-बहुत बधाई सर। अभिनेत्री सैयामी खेर ने लिखा है 'याय...' हुमा कुरैशी ने बॉबी देओल को मुबारकबाद देते हुए फायर वाला इमोजी बनाया है। सनी देओल ने भी थम्स अप और दिल वाला इमोजी बनाया है। बॉबी देओल आखिरी बार तेलुगु फिल्म डाकू महाराज में दिखाई दिए थे।

# सफल डेब्यू के बाद अचानक इंडस्ट्री से गायब हुए ये सितारे

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स भी हुए हैं, जिन्हें शुरुआत में तो सफलता मिली, लेकिन उसके बाद वो अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गए। इनमें कई ऐसे भी सितारे शामिल हैं, जिनकी पहली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।*

**इमरान खान :** सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म जाने तू या जाने ना से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म को पसंद भी किया गया था। इसके बाद इमरान खान कई और फिल्मों में भी नजर आए जिनमें मेरे ब्रदर की दुल्हन, ब्रेक के बाद, मटरू की बिजली का मन डोला, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा, एक मैं और एक तू, गोरी तेरे प्यार में और डैली वैली जैसी फिल्में शामिल हैं। इमरान आखिरी बार 2015 में आई फिल्म कट्टी-बट्टी में नजर आए थे। इसके बाद लगभग दस साल बीत चुके हैं, लेकिन इमरान खान इंडस्ट्री से गायब हैं। हालांकि, ऐसी चर्चाएं हैं कि वो हैप्पी पटेल नाम की फिल्म में नजर आ सकते हैं।

**असिन :** आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म गजनी से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री असिन बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी काफी चर्चित रहीं। लेकिन, शादी के बाद असिन अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। असिन की बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो इनमें अधिकतर



बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। असिन की फिल्मों में गजनी, लंदन ड्रीम्स, रेडी, हाउसफुल 2, बोल बच्चन, खिलाड़ी 786 और ऑल इज वेल जैसी फिल्में शामिल हैं। असिन ने अपने कॅरियर में आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

**अमृता राव :** साल 2006 में आई फिल्म विवाह से रातों-रात नेशनल क्रश बन जाने वाली अमृता राव ने अपने करियर में कई फिल्में की। लेकिन, फिर अमृता अचानक लाइमलाइट से दूर हो गईं। हालांकि, वो छह साल पहले आई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म ठाकरे में नजर आई थीं। लेकिन, फिलहाल अमृता एक लंबे वक्त से इंडस्ट्री से दूर हैं। अमृता ने अपने कॅरियर में 'इश्क विश्क, मस्ती, मैं हूं ना, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, प्यारे मोहन और शौर्य जैसी फिल्में दी हैं।

**जायद खान :** इंडस्ट्री में कई स्टारकिड ऐसे भी रहे जिनका कॅरियर कुछ खास नहीं रहा। ऐसे ही स्टारकिड्स में शामिल हैं वेटरन एक्टर संजय खान के बेटे जायद खान। चुरा लिया है तुमने से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले जायद खान का कॅरियर कुछ खास नहीं रहा।

## दुनिया बनाने वाले..., दोस्त-दोस्त न रहा जैसे मशहूर गाने गाए

# अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में बनाई जगह



*नई दिल्ली। 'इक दिन बिक जाएगा, माटी के मोल, जग में रह जाएंगे, प्यारे तेरे बोल'। गायक मुकेश की आवाज में यह गाना लोगों को खूब भाया। उन्होंने अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जीना यहां मरना यहां, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, दोस्त-दोस्त न रहा और मेरा जूता है जापानी जैसे मशहूर गाने गाए। भले ही मुकेश इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह अपने गानों के जरिए लोगों के दिलों में जिंदा हैं।*

### भाग कर की शादी

मुंबई में मुकेश को एक गुजराती व्यापारी की लड़की सरला से प्रेम हो गया। सरला के पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। मुकेश के पिता भी इस शादी के लिए राजी नहीं थे। ऐसे में मुकेश ने सरला से भागकर शादी करने का फैसला किया। मुकेश ने सरला से एक मंदिर में अपने चचेरे भाई मोतीलाल की मौजूदगी में शादी की।

### इंजीनियर बनाना चाहते थे पिता

मुकेश बचपन से ही गायक बनना चाहते थे। उन्होंने मैट्रिक तक ही पढ़ाई की। पढ़ाई के दिनों में वह स्कूल के कार्यक्रमों में गाया करते थे। मुकेश के पिता जोरवर चंद माथुर, मुकेश को सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मुकेश की नौकरी पीडब्ल्यूडी में लगवा दी। हालांकि, मुकेश के मन में गायक बनने का सपना जिंदा रहा। एक दिन उन्होंने अखबार में देखा कि मुंबई में कलाकारों की भर्ती निकली है। इसके बाद वह मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचकर मुकेश को पांच साल बाद कामयाबी मिली।

### पहली बार नाकाम होने पर लोगों ने छोड़ा साथ

मुकेश की बहन की शादी हो रही थी। इसमें गाने बजाने का भी प्रोग्राम हो रहा था। लड़के वालों की जिद पर मुकेश ने समारोह में एल के सहगल के कुछ गाने गाए। इस शादी में फिल्मी दुनिया से भी कुछ लोग आए थे। उन्होंने मुकेश की आवाज सुनी। इसके बाद उन लोगों ने मुकेश कि पिता से कहा कि वह मुकेश को फिल्मों में काम देना चाहते हैं। मुकेश के पिता ने हां कह दी। इसके बाद मुकेश ने पहली बार फिल्म निर्दोष (1941) में गाना गाया और अभिनय किया। यह फिल्म नहीं चली। जिन लोगों ने मुकेश को काम के लिए बुलाया था, उन्होंने भी उनका साथ छोड़ दिया।

### लता मंगेशकर का कॅरियर बनाने में मदद की

लता मंगेशकर मुकेश को अपना भाई मानती थीं। वह रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधती थीं। लता जब भी अपने संघर्ष के दिनों को याद करतीं तो वह मुकेश को भी याद करतीं। मुकेश ने ही लता मंगेशकर को अपना कॅरियर बनाने में मदद की। उस दौर में लता को लोग पतली आवाज की वजह से पसंद नहीं करते थे। उन्हें कई जगहों से नकारा जा चुका था। हालांकि, मुकेश को लता की आवाज अच्छी लगी। उन्होंने लता को नौशाद से मिलवाया। उन्हीं के कहने पर फिल्म अंदाज में लता को छह गाने गाने का मौका मिला। यहां से लता के कॅरियर को रफ्तार मिली।

### मुश्किलों से रिलीज हुआ पहला गाना

*यह साल 1943 का दौर था। मुकेश ने अपने चचेरे भाई अभिनीत फिल्म पहली नजर में दिल जलता है गाना गाया। फिल्म के निर्देशक मजहर खान इस गाने को रिलीज नहीं करना चाहते। उनका कहना था कि मोतीलाल चुलबुले किरदार करते हैं। ऐसे में उन पर गंभीर गाना नहीं जचेगा। ऐसे में उन्होंने कहा कि अगर फिल्म में मुकेश के गाने को दर्शकों ने पसंद नहीं किया तो एक हफ्ते के बाद फिल्म से इस गाने को निकाल दिया जाएगा। लेकिन, मुकेश का गाया गाना लोगों को पसंद आया। इसके बाद मुकेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### गानों के जरिए हिट कराई फिल्म

*गायक होने के साथ मुकेश एक फिल्म निर्माता भी थे। उस दौर में वह ऐसे गायक थे कि अपने दम पर फिल्में हिट कराने की ताकत रखते थे। साल 1951 में आई फिल्म मल्हार के प्रोड्यूसर खुद मुकेश थे। फिल्म के गानों को उन्होंने गाया। इसमें उनका साथ लता मंगेशकर ने भी दिया। फिल्म में बड़े कलाकार नहीं थे। इसके बावजूद ये फिल्म हिट रही। इस फिल्म के गाने बहुत मशहूर हुए, जिसकी वजह से यह फिल्म हिट रही।*

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की हुई प्रथम बैठक, किया पौरोपण



**बाराद्वार।** शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सकरेली (ब) में 21 जुलाई को इस सत्र की जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक चेतन साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य डॉ डीपी पाटले और डॉ शकुंतला राज प्रभारी जनभागीदारी समिति द्वारा समस्त सदस्यों का औपचारिक स्वागत किया गया। बैठक में आय व्यय की जानकारी और संस्था के सुचारू संचालन के लिए चर्चा की गई और आपसी सहयोग से संस्था के उत्तरोत्तर विकास की बात पर बल दिया गया। बैठक में प्रकाश अग्रवाल (विधायक प्रतिनिधि) द्वारा प्रस्ताव लाया गया कि सभी सदस्यों और प्राध्यापकों द्वारा स्वयं के व्यय से ट्री गार्ड दान की जाएगी, जिस पर सभी ने सहमति दी। बैठक के बाद सभी सदस्यों द्वारा महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। आगामी 25 जुलाई को जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी सदस्यों द्वारा महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया जाएगा। 21 जुलाई को आयोजित बैठक में चेतन साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, प्रकाश अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि, गीता जायसवाल दानदाता सदस्य, प्रकाश साहू कृषक साहू, नरेंद्र साहू (सदस्य), प्रो अजय देवांगन, प्रो शत्रुघन अनंत, प्रो ललित सिंह, प्रो ऋतु पटेल और प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े (जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना, आर एल रत्नाकर आमिर खान सहित अन्य उपस्थित थे।कॉलेज में पौधरोपण करते हुए की फ़ोटो संलग्न

### हिन्दू महासभा के प्रदेश संगठन महामंत्री बने नीलम सोनी

**चांपा।** स्थानीय युवा नेता नीलम कुमार सोनी को अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू महासभा की प्रदेश इकाई का संगठन महामंत्री नियुक्त किया गया है। इसके



अलावा उन्हें छ.ग. राज्य नमो-नमो मोर्चा की प्रदेश इकाई का भी उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि नीलम सोनी उपरोक्त संगठनों के माध्यम से केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। साथ ही वे हिन्दू धर्म की मजबूती के लिए भी प्रयास करेंगे। उन्हें दोनों संगठनों में प्रदेश पदाधिकारी नियुक्त किये जाने पर शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### राष्ट्रीय तिरंगा दिवस पर बच्चों ने निकाली रैली



**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह अंतर्गत संकुल सेमरिया के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में प्राथमिक माध्यमिक छात्र-छात्राओं व शिक्षकों सहित राष्ट्रीय झंडा अंगीकरण दिवस पर रैली निकाली गई, जो ग्राम के स्कूल पारा,बजरंग चौक, महामाया चौक,ठाकुर देव मोहल्ला,सड़क पारा भ्रमण करते हुए शाला प्रांगण पहुंची। यहां बच्चों को मार्गदर्शन किया गया। प्रभारी प्रधानपाठक उमेश कुमार दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय झंडा अंगीकरण दिवस हर वर्ष 22 जुलाई को मनाया जाता है। इस दिन अर्थात 22 जुलाई 1947 को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को भारत के संविधान द्वारा अपनाया गया था। 'तिरंगा' भारत का राष्ट्रीय ध्वज है जो तीन रंगों से बना है इसलिए हम इसे तिरंगा कहते हैं। इस अवसर पर एकादशीयां मांझी, पितांबर प्रसाद कश्यप, टीकाराम गोपालन,कैलाश खूंटे,कौशल यादव, अनुपमा जांगड़े,अशोक जांगड़े एवं बाल केबिनेट के पदाधिकारियों एवं सदस्य आदि उपस्थित थे।

## निधन

### अनुराग थवाईत

**जांजगीर चांपा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक अनुराग



थवाईत (अन्नू) का मंगलवार 22 जुलाई को निधन हो गया। वे 41 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 23 जुलाई को रानी तालाब के पास स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन और नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे रामगोपाल थवाईत के छोटे पुत्र और बबलू टीवी सेंटर के संचालक आनंद थवाईत के भाई थे।

### जितेन्द्र गुप्ता

**चांपा।** स्थानीय केशरवानी समाज के प्रतिष्ठित नागरिक तथा बी. डी. महंत शासकीय चिकित्सालय के पास निवासी जितेन्द्र गुप्ता का 22 जुलाई की रात्रि निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। स्व. गुप्ता अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 23 जुलाई को दोपहर 12 बजे मंझली तालाब के पास स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत नागरिक मौजूद थे।

47 वीं पुण्यतिथि पर जांजगीर समेत विभिन्न स्थानों पर हुई श्रद्धांजलि सभा, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत हुए शामिल

# शिद्दत से याद किए गए अंचल के जननायक बी.डी. महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

अंचल के जनप्रिय नेता एवं पूर्व मंत्री स्व. बिसाहूदास महंत की 47वीं पुण्यतिथि जिले में परंपरानुसार मनाई गई। बुधवार 23 जुलाई को जिला मुख्यालय जांजगीर के बीडी महंत बालोद्यान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में स्व. महंत के सुपुत्र एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, दूधाधारी मठ के मठाधीश राजेश्री महंत रामसुंदर दास, विधायक ब्यास कश्यप, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक राघवेन्द्र सिंह, बालेश्वर साहू, शेषराज, दिलीप लहरिया विशेष रुप से उपस्थित रहे। इस दौरान शहर सहित जिले व संभागभर से पहुंचे वरिष्ठ नेताओं ने स्व. महंत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कबीर भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष रमेश पैगवार, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रघुराज पांडेय, दिनेश शर्मा, अर्जुन तिवारी, आशीष सिंह, ठा. गुलजार सिंह, कमलेश सिंह बाबा, पूर्णेन्द्र तिवारी, डॉ. परस शर्मा, राजेन्द्र शुक्ला, विजय पाण्डेय सहित कांग्रेसी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।



बीडी महंत बालोद्यान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व अन्य।

### बाबू जी के बताएं जन सेवा के मार्ग पर चल रहा हूं : महंत

**सक्ती।** स्वर्गीय बिसाहू दास महंत के 47 वे पुण्यतिथि के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मातृ शिशु अस्पताल शक्ति में श्रद्धांजलि एवं फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें क्षेत्रीय विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत ने दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर स्वर्गीय बिसाहू दास महंत को



श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर डॉ चरण दास महंत ने स्वर्गीय बिसाहू दास महंत के सेवा के संकल्प एवं जन सेवा के परंपरा को उनके बताए मार्ग पर चलकर अनवरत जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर मरीजों को डॉक्टर चरण दास महंत ने फल बिस्किट तथा जरूरत मंद महिलाओं को वस्त्र वितरित किया। कचहरी परिसर शक्ति में सुबह 11:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए उपस्थित वरिष्ठजनों ने स्वर्गीय बिसाहू दास महंत को महान व्यक्तित्व के धनी तथा सच्चा गांधीवादी जनसेवक बताया। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं, नागरिकों, ग्रामीणों द्वारा स्वर्गीय बिसाहू दास महंत के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का पुण्य स्मरण किया गया तथा उपस्थित जनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

### 47वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये जननायक स्व. बिसाहू दास महंत

**चांपा।** अविभाजित म.प्र. के पूर्व मंत्री तथा क्षेत्र के मूर्धन्य जननेता स्व. बिसाहू दास महंत की 47वीं पुण्यतिथि पर कृतज्ञ नगरवासियों ने उन्हें शिद्दत से याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति समिति चांपा द्वारा बिसाहू दास महंत शासकीय नागरिक चिकित्सालय में बुधवार 23 जुलाई को सुबह 10 बजे से आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित नागरिकों, संस्था प्रमुखों तथा राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान महंत परिवार से कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, उनके सुपुत्र सुरज महंत और स्व. महंत के कनिष्ठ पुत्र राजेश महंत विशेष रूप से मौजूद थे।

■ कृतज्ञ नगरवासियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि सभा के दौरान सर्वप्रथम कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद तथा स्व. महंत की ज्येष्ठ पुत्रवधू श्रीमती ज्योत्सना महंत, कनिष्ठ पुत्र राजेश महंत तथा पौत्र सूरज महंत ने स्व. महंत की प्रतिमा पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसके बाद बारी-बारी से उपस्थित जनसमूह द्वारा अपनी पुष्पांजलि अर्पित की गयी। सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही. के. अग्रवाल के संचालन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के बाद महंत परिवार द्वारा चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल एवं ब्रेड का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अकलतरा विधायक तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप नामदेव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुरारी तिवारी, अर्जुन लाल मनवानी, बजरंग डिडवानिया, पवन मोदी, मोहन गुलाबानी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, कृष्णा राव भूरे, नारायण सोनी, राजेश्वर मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साधवानी, युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष पंकज शुक्ला, गुलशन सोनी, पी.आई.एल. के उदय सिंह, किशन लाल सोनी, अमरजीत सिंह सलूजा, रंजन कैवर्त्य, हेमंत सराफ, अशोक दीक्षित, हरिश्चंन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. जी.पी. दुबे, डॉ. के. पी. राठौर, डॉ. आर. के. अग्रवाल, श्रीमती संगीता अग्रवाल, मिर्जा समद बेग, संतोष सिंह जब्बल, जगदीश सराफ, साहेब लाल साहू, गोविन्द राम देवांगन, राजू शर्मा, भागीरथी दुबे, नजीर अहमद, अनिल वनकर, तमिन्द्र देवांगन, बैजनाथ देवांगन, मो. इकबाल अंसारी, दुर्गा कुर्रे, कालीदास महंत, विष्णु गाड़ा, रायपुर से आये आत्मजीत सिंह बग्गा तथा श्रीमती कमलेश बग्गा के अलावा बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद थे। इसके पश्चात उपस्थित जनसमूह हनुमान धारा स्थित बी. डी. महंत इंडोर स्टेडियम पहुंचा। यहां स्व. महंत की प्रतिमा पर उन्होंने भावभीने श्रद्धासुमन अर्पित किये।



(स्व. महंत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करता महंत परिवार व अन्य

## क्रेशर खदान से ट्रैक्टर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** क्रेशर खदान से रात्रि में ट्रेक्टर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 4 लाख 10 हजार रुपए के ट्रेक्टर ट्राली बरामद किया गया है। आरोपी के विरूद्ध बीएनएस के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।



मिली जानकारी के अनुसार 18 जुलाई की रात्रि में केशर खदान बिरगहनी से सोनालिका क्रमांक सीजी 29 ए.सी 9701 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया। प्रार्थी ओमप्रकाश पटेल की सूचना पर थाना जांजगीर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। ट्रैक्टर चोरी की प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जांजगीर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में चोरी गये ट्रेक्टर एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में मुखबीर सूचना मिला कि आरोपी जोगेंदर सिंह तंवर द्वारा चोरी के ट्रेक्टर को रखा है जिसकी सूचना पर सीएसपी जांजगीर श्रीमती कविता ठाकुर के नेतृत्व में रेड कार्यवाही कर आरोपी को पकड़ा जिसके कब्जे से ट्रेक्टर सोनालिका क्रमांक सीजी 29 एसी 9701 एवं ट्राली को बरामद किया गया। जिसकी कीमती 4 लाख 10 हजार रूपये बताई जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जांजगीर निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय एवं प्रधान आरक्षक राकेश तिवारी, आलोक शर्मा, राजकुमार चंद्रा का सराहनीय योगदान रहा।

## 207 पदों के लिए प्लेसमेंट कैंप में पहुंचे महज 108 बेरोजगार युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

बेरोजगार युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी देने को लेकर प्लेसमेंट कैप का आयोजन किया जाता है, लेकिन संस्थानों में नौकरी पाने को लेकर बेरोजगार युवा ध्यान तक नही दे रहे है। इस कड़ी में प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया गया। जिसके तहत निजी कंपनियो के द्वारा 207 पदो के लिए प्लेसमेंट कैप में नौकरी पाने के लिए महज 108 युवा ही पहुंच सके। इनमें भी सिर्फ 45 बेरोजगार युवाओ का चयन किया गया है।

■ निजी संस्थानों में नौकरी को लेकर नहीं दिख रही रूची

गौरतलब है कि बेरोजगार युवाओ को नौकरी एवं स्वरोजगार से जोड़ने को लेकर हर महीने प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है। इसी कडी में बुधवार 23 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैप का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट कैंप में आश्रव फाऊन्डेशन रायपुर के द्वारा 205 पदों के लिए जिनमे एचआर एवं सुरक्षा कर्मी इसी प्रकार आकाश एजुकेशन जांजगीर के द्वारा 2 पद जीएनएम के लिए बेरोजगार युवाओ को नौकरी देने प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया गया। इसमें नौकरी पाने को लेकर महज 108 बेरोजगार युवा पहुंच सके इनमे भी गिनती के 45 बेरोजगार युवाओ का ही नौकरी को लेकर चयन हो पाया है। वहीं बाकी के बेरोजगारो को बाद भी मौका मिलने की बात कही जा रही है। कुल मिलाकर देखा जाए तो बेरोजगार एवं पढ़े लिखे युवाओ की संख्या लाखों में है। वही नौकरी गिनती के ही युवाओ को मिल पाती है, जिसके कारण अब धीरे-धीरे युवाओं का निजी कंपनियो में नौकरी करने को लेकर धीरे धीरे मोहभंग होता चला जा रहा है।



कैम्प में पहुंचे आवेदकों से चर्चा करते निजी कंपनियों के निवेशक।

**करते है चयन**

बेरोजगार युवाओं को नौकरी से जोड़ने को लेकर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में विभिन्न कंपनियों के 207 पदों के लिए 108 बेरोजगार युवा नौकरी पाने के लिए आवेदन किए गए। इनमें 45 युवाओ का चयन कंपनियों के द्वारा किया गया है। कैप को लेकर युवाओं को प्रोत्साहित भी करते है।

-एम.आर. जायसवाल,
जिला रोजगार अधिकारी
जांजगीर-चांपा

## छात्र-छात्राओं के ने सीमा पर तैनात सिपाहियों के लिए 1224 रक्षा सूत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा में ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के नाम अक्षत, कुमकुम के साथ अपने गांव की मिट्टी और रक्षा सूत्र देश के सैनिक भाइयों के लिए भेजा गया।

इस अवसर पर अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ पूर्व सैनिक महासभा अध्यक्ष महेंद्र राणा को भारत माता की जय, वन्दे मातरम जय घोष के साथ विद्यालय के समस्त छात्रों के समक्ष रक्षा सूत्र सौंपा गया। कुल बारह सौ चौबीस राखियां देश के जवानों के नाम छात्राओं द्वारा भेजी गई। कार्यक्रम में दीपक सिंह( छ ग पूर्व सैनिक महासभा अध्यक्ष कोरबा), वारिज कुमार सिंह इस पुनीत कार्य में सहभागी के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए से श्री अग्रवाल ने कहा ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र पूरे देश को एक सूत्र में बांधता है जिसमें देश की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों के लिए मंगल कामनाएं और स्नेह एक धागे के रूप में उन तक पहुंचती है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी आर के पांडेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रा से यो कार्यक्रम अधिकारी वर्षा यादव, एन सी सी ऑफिसर मो ज़फरुल्लाह, गाइड कैप्टन देवकी वैष्णव, स्काउट मास्टर अनुराग कसेर, विष्णु भोजासिया ,शाला के समस्त स्टाफ एवं रा से यो, एन सी सी,स्काउट गाइड के स्वयं सेवक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



पूर्व सैनिक महासभा के अध्यक्ष को रक्षा सूत्र सौंपते प्राचार्य एवं उपस्थित विद्यार्थी।

## कौशल्या की जन्मभूमि के रूप में कोसला गांव को महत्व दिलाने हर संभव करेंगे प्रयास

**पामगढ़-कोसला।** चिन्हारी संस्था द्वारा भिलाई नगर में आयोजित समारोह प्रमुख रूप से माता कौशल्या की जन्मभूमि कोसला के महत्व पर केंद्रित रहा।

पामगढ़ के पास स्थित कोसला गांव श्रीराम जी के माता कौशल्या देवी का मायके यानी जन्मस्थली है। कोसला धाम से भिलाई पहुंचे 200 से ज्यादा निवासियों और जनप्रतिनिधि के बीच मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने घोषणा की कि माता कौशल्या की जन्मभूमि के रूप में कोसला गांव को महत्व दिलाने हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वो इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और कोसला गांव क्षेत्र का विकास केंद्र सरकार की प्रसादम योजना के अंतर्गत करवाने निवेदन करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक चिन्हारी साहित्य समिति के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पारकर के संपादन में प्रकाशित पुस्तक माता कौसल्या जन्मभूमि कोसला का विमोचन अतिथियों ने किया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि माता कौशल्या का अटूट संबंध दक्षिण कोसल एवं उत्तर कोसल दोनों से रहा है। उन्होंने कहा कि जिस मां ने भगवान राम को जन्म दिया उनके जन्म स्थान का महत्व भी दुनिया को पता चलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि दुर्ग महापौर अल्का बाघमार ने कहा कि माता कौशल्या का भव्य मंदिर उनकी जन्मभूमि कोसला गांव में जरूर बनना चाहिए।

■ कौशल्या जन्मभूमि कोसला पर हुआ पुस्तक विमोचन



पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिला स्तरीय पर्यवेक्षक समिति की हुई बैठक

# अधिक से अधिक प्रचार कर फसल बीमा कराने किसानों को करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिला स्तरीय पर्यवेक्षक समिति की बैठक कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में बुधवार 23 जुलाई को आयोजित की गई। बैठक में विश्वास कुमार डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख, बी. एल. कंवर अधीक्षक भू-अभिलेख, तरूण प्रधान उप संचालक कृषि सक्ती, मनोज वर्मा लीड बैंक अधिकारी भारतीय स्टेट बैंक सक्ती, अश्वनी पाण्डे नोडल अधिकारी जिला सहकरी केंद्रीय बैंक सक्ती, श्रीमती संजना बंजारे सहायक संचालक उद्यान, दुष्यंत सोनी प्रभारी जिला सूचना अधिकारी, कृष्णा प्रधान जिला प्रतिनिधि, बजाज आलियांस जनरल इंश्योरेंस, रमाकांत चन्द्रा कृषक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

कलेक्टर द्वारा बीमा कम्पनी बजाज एलायंज जनरल इन्शोरेंस कम्पनी लिमिटेड के जिला प्रबंधक को कृषि विभाग, सहकारिता एवं बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक प्रचार कर फसलों के बीमा कराने के लिए किसानों को प्रेरित करने का निर्देश दिये गये। उन्होंने सभी किसानों से फसलों का बीमा कराने के लिए अपील की है ताकि आपदा की स्थिति में किसानों को क्षति पूर्ति हेतु दावा भुगतान मिल सके। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई नियत की गई है। इसके लिये राज्य शासन के द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के आधार पर जिले में धान सिंचित के लिये 421 ग्राम एवं धान असिंचित के लिये 435 ग्राम तथा मक्का के लिये 1 ग्राम अधिसूचित हैं। इसी प्रकार उड़द के लिये राजस्व निरीक्षक मंडल डभरा, धुरकोट और सपोस तथा मूंगफली फसल के लिये राजस्व मंडल निरीक्षक सपोस अधिसूचित है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ऋणी, अऋणी, भूधारक कृषक, बटाईदार व वनपट्टाधारी कृषक ले सकते है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत बीमांकित राशि धान सिंचित में 24000 रू. रूपये तथा धान असिंचित में 17200 रू. प्रति एकड है तथा कृषकों के लिये प्रीमियम राशि 2 प्रतिशत है। धान सिंचित के लिये 480 रू. प्रति एकड़ तथा धान असिंचित के लिये 344 रू. प्रति एकड़ प्रीमियम राशि जमा करना होगा। इसी प्रकार मक्का फसल के लिए 14400 रू., उड़द के लिए 8800 रू. और मूंगफली के लिए 16800 रू. प्रति एकड़ बीमांकित राशि निर्धारित की गई है तथा प्रीमियम राशि मक्का के लिए 288 रू., उड़द के लिए 176 रू. और मूंगफली के लिए 336 रू. प्रति एकड़ जमा करना होगा। उप संचालक कृषि सक्ती ने बताया कि गत वर्ष 2024 खरीफ फसल में कुल 21538 कृषकों के द्वारा बीमा कराया गया था। जिसमें कुल 302 कृषकों को फसल क्षति की स्थिति में कुल 21,21,189 रूपये का दावा राशि भुगतान किया गया है।

